## सार-समाचार

### भोर तक चला कवि सम्मेलन

**मंडफिया, (निसं)।** आसावरा ग्राम पंचायत द्वारा नवरात्रि के अवसर पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। यह कवि सम्मेलन प्रात:4 बजे तक चला। कवि सम्मेलन का शुभारंभ आसावरा सरपंच सुशीला रायका व पूर्व सरपंच अशोक रायका एवं अतिथियों के द्वारा मां आसावरा माता जी व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। मां शारदे की पंक्तियों के साथ कवि सम्मेलन का आगाज हुआ। मंदसौर से आए हास्य कवि रजनीश शर्मा ने हास्य कविताओं व चुटकुलों से शानदार शुरूआत की। बारां से राजस्थानी भाषा के गीतकार पवन गोचर के श्रृंगार गीतों ने मंत्र मुग्ध कर दिया। झालावाड़ से आए कवि अनिल उपहार ने "कभी उदासियों में आंख नम नहीं करना" समेत एक दर्जन मुक्तकों व गीतों से श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। भीलवाड़ा से आए लाफ्टर कवि दीपक पारीक ने चरका उंदरा, भैरूनाथ , जीमण समेत कई हास्य कविताओं से श्रोताओं को गुदगुदाया। कवयित्री मीनू शर्मा व कवि अनिल उपहार की काव्यात्मक नोंक-झोंक ने श्रोताओं को आनंदित किया। राजसमंद से आए कवि सतीश आचार्य ने देशभक्ति रचनाएं सुनाई व कोटा से आए वीर रस के कवि राजेन्द्र गौड़ ने " मेवाड़ मौन हो जाता तो युद्ध कसौटी ना होती ,मेवाड़ मौन हो जाता तो तिलक व चोटी ना होती ," समेत मेवाड़वंदना ,भगवा ,धर्मपरिवर्तन सुनाकर देशभक्ति मय माहौल कर दिया।

### धरना 38वें दिन भी जारी

**राजसमंद, ०(निसं)।** ठगी पीडित जमाकर्ता परिवार का धरना मंगलवार को लगातार 38वें दिन भी जारी रहा। जिलाध्यक्ष रतनलाल पूर्बिया ने बताया की संगठन ने अपनी मांगो को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। 1 सितंबर से मंगलवार तक 38वें दिन धरने के दौरान पीडितो के भुगतान तथा अन्य मांगों को लेकर प्रशासन के माध्यम से विभिन्न ज्ञापन मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री को भेजे गए। 22 सितंबर को जेल भरो आंदोलन का उग्र रूप भी प्रशासन शासन और जनता ने देखा की किस किस स्तर के लोग सरकारों द्वारा कराई गई ठगी के शिकार होकर किस हाल में अपना जीवन यापन करने को मजबूर है। संपूर्ण देश का यह नजारा देखने के उपरांत भी गूंगी बहरी सरकार ने पीडितों के भुगतान संबंधी कोई विशेष प्रतिक्रिया नहीं दी। संगठन के बैनर तले 28 सितम्बर को देश के सभी विधायकों को बड्स कानून की राज्य सरकारों से विधिसम्मत पालना करवाते हुए त्वरित भुगतान की मांग की। 2 अक्टूबर को सांसदों को सत्याग्रह आंदोलन से अवगत कराते हुए प्रधानमंत्री तक पीडितों की पीडा पहुंचाने के लिए ज्ञापन सांसद के जिला कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था। इस दौरान संगठन महामंत्री महेश श्रीमाली, नाथद्वारा से रमेशसिंह, मगनलाल कुमावत, मोहनलाल कुमावत, कोषाध्यक्ष शिवलाल रैगर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मिनरल प्लांट में श्रमिक की मौत

**देवगढ़, (निसं)।** नगर के समीपवर्ती लसानी चौराहे के समीप एक मिनरल फैक्ट्री में एक श्रमिक की मंगलवार प्रात: अज्ञात कारणों से मौत हो गई। मृतक के परिजन एवं पीपली नगर के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए मालिक से मुआवजे की मांग करने लगे जिसके बाद मुआवजे पर सहमति के बाद शव को उठाया गया।देवगढ़ पुलिस के अनुसार प्रभु सिंह (35) पिता गोविंद सिंह रावत निवासी पीपलीनगर लसानी चौराहे के पास मिनरल फेक्ट्री पर नोकरी कर रहा था। जिसकी मंगलवार को अज्ञात कारणों के चलते मौत हो गई। खबर मिलने के बाद मृतक के परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मालिक से मुआवजे की मांग को लेकर फेक्ट्री के गेट के बाहर एकत्रित हो गए। दूसरी ओर सूचना मिलते ही देवगढ़ पुलिस मय जाप्ता के मौके पर पंहुच गई। पुलिस एवं अन्य लोगो की समझाइश एवं प्लांट मालिक के मुआवजा देने की सहमति के बाद शव को उठाया।

### बस में युवक मृत मिला

**डूंगरपुर, (निसं)।** मुंबई से सागवाड़ा पहुंची एक निजी बस में युवक का शव मिलने पर सनसनी फैल गई। युवक मुंबई से सागवाड़ा आने के लिए बस में बैठा था। बस सुबह जब सागवाड़ा पहुंची तो वह मृत अवस्था में मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सागवाड़ा थाने के थानाधिकारी प्रभुलाल ने बताया कि मुंबई से सागवाड़ा पहुंची निजी बस में एक युवक का शव मिला है। सागवाड़ा में बस खाली होने पर युवक को जगाने पर कोई हरकत नहीं होने से बस की स्टाफ ने बस को पुलिस थाने के पास रोककर पुलिस को इसकी जानकारी दी। पुलिस द्वारा चेक करने पर युवक की मौत हो चुकी थी। थानाधिकारी प्रभुलाल ने मृतक की पहचान बांसवाड़ा निवासी विजयपाल डेन्डोर के रूप में हुई है। विजयपाल सोमवार शाम को मुंबई से अपने घर आने के लिए रवाना हुआ था। पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी। जिस पर मृतक के परिजन सागवाडा थाना पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने शव को सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में शिफ्ट करवाया। जहां पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हादसे में बेटे की मौत, पिता घायल

**डूंगरपुर, (निसं)।** वरदा थाना क्षेत्र में आतरी बस स्टैंड के पास जीप ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बेटे की मौत हो गई, जबकि पिता घायल हो गए। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वरदा थाने के एएसआई वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वरदा निवासी लक्ष्मण डिन्डोर ने मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका बेटा मुकेश दोनों सोमवार देर शाम को बाइक पर डूंगरपुर से अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान डूंगरपुर-वरदा मार्ग पर आंतरी बस स्टैंड के पास पीछे से आ रही जीप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मुकेश गंभीर घायल हो गया। वहीं, उसे मामूली चोट आईए जिसके बाद दोनों घायलों को सागवाडा अस्पताल ले गए जहां पर दोनों ने इलाज करवाया। इसके बाद दोनों बाप-बेटे घर लौट आए।


# विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने मां त्रिपुरा सुंदरी के किए दर्शन

**राजसमंद, (निसं)।** विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आज बांसवाड़ा स्थित विख्यात शक्तिपीठ मां त्रिपुरा सुंदरी के दर्शन किए। मां त्रिपुरा सुंदरी के दिव्य विग्रह के समक्ष पहुंचकर उन्होंने पूजा-अर्चना की और माता को चुनरी ओढ़ाकर श्रीफल अर्पित किया। पं. निकुंज मोहन पंड्या व पं. दिव्यभारत पंड्या ने पूजा-अर्चना करवाई।

विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने सर्वजन मंगल और समृद्धि की कामना करते हुए भारत में राष्ट्रवादियों को

- **माँ त्रिपुरा सुंदरी से समाज में शांति, समृद्धि और सद्भाव बनाए रखने का आशीर्वाद मांगा**

सशक्त बनाने के लिए प्रार्थना की। उन्होंने माँ त्रिपुरा सुंदरी से समाज में शांति, समृद्धि और सद्भाव बनाए रखने का आशीर्वाद भी मांगा। उन्होंने कहा कि शक्तिपीठों का हमारे देश में विशेष महत्व है और मां त्रिपुरा सुंदरी से आशीर्वाद प्राप्त कर वे समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु सदैव समर्पित रहेंगी। इस अवसर पर उनके साथ स्थानीय श्रद्धालु और भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।



विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने मां त्रिपुरा सुंदरी के दिव्य दर्शन किए।

विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कहा कि उनकी माता किरण माहेश्वरी भी प्रत्येक नवरात्र में मात्र कृपा सुंदरी के दर्शन करने आया करती थी। माता रानी के दर्शन करके मन में असीम आध्यात्मिक ऊर्जा एवं शांति का अनुभव होता है। मां त्रिपुरा सुंदरी का यह शक्तिपीठ समस्त श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है और हर वर्ष यहां हजारों भक्त माता के दर्शन करने आते हैं। भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन-केंद्रित सुशासन, सुरक्षा, जनकल्याण और वैश्विक पहचान की नीतियों में देश की जनता के अटूट विश्वास का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने न केवल बहुमत प्राप्त किया है, बल्कि अपने मत प्रतिशत में भी 4 की वृद्धि दर्ज की है, जो कि पार्टी के प्रति जनता के बढ़ते समर्थन को दर्शाता है। यह विजय राज्य में विकास और स्थायित्व की भाजपा की प्रतिबद्धता का परिणाम है। इसी प्रकार, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने पिछले चुनाव की तुलना में अधिक सीटें जीतने के साथ-साथ 3 अधिक मत प्राप्त किए हैं।

### हड़कंप मचा

**राजसमंद, ०(निसं)।** समीपवर्ती सनवाड में केलवाडा रोड पर सोमवार देर रात को एक विशाल अजगर देखे जाने से इलाके में हडकंप मच गया। लगभग 12 फीट लंबा यह अजगर मेन रोड पर घूम रहा था। राहगीरों ने इस अजगर को देखकर तुरंत वन्यजीव प्रेमी पन्नालाल कुमावत को सूचना दी।

## ट्रेनों के ठहराव को लेकर बैठक

**डूंगरपुर, (निसं)।** कनबा जैन नोहरे में बैठक रखी गई जिसमे आवश्यक मुद्दे पर चर्चा करते हुए बताया कि गई यहां बिछीवाडा रेलवे स्टेशन है उपडाउन में 8 ट्रैन से ज्यादा ट्रेन चलती है लेकिन असरवा से जयपुर ओर असरवा से कोटा जाने वाली ट्रेन का बिछीवाडा रेलवे स्टेशन पर किसी प्रकार का कोई स्टॉपेज नही है। जबकि बिछीवाडा एक तहसील, पुलिस थाना ओर नेशनल हाईवे 8,रीको इंडस्ट्री पास में है इस कारण बिछीवाडा रेलवे स्टेशन पर स्टॉपेज होना जरूरी है। और साथ ही यहां का व्यापार भी ज्यादा है आस पास के गावो से लोगों को व्यापार से सामान लाने हेतु अहमदाबाद ओर जयपुर, इंदौर जाना पडता है तो इसके लिए व्यपारियों को डूंगरपुर जाना पडता है।

# प्राधिकरण सचिव सिंह ने जिला कारागृह का किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला न्यायाधीश कौशल सिंह ने जिला कारागृह का आकस्मिक निरीक्षण कर कारागृह में कैदियों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कारागृह में समस्त बैरको, भोजनशाला, महिला बैरक, शौचालय व स्नानघर में साफ-सफाई आदि व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई। सचिव सिंह ने निरीक्षण के दौरान उपस्थित 291 पुरूष बंदी व 12 महिला

- **वृद्धाश्रम व सखी वन स्टॉप सेन्टर का भी किया निरीक्षण**

बंदी मय 2 बच्चों के साथ विस्तृत चर्चा के दौरान उनके प्रकरणों में अधिवक्ता नियुक्त होने अथवा नहीं होने के सम्बन्ध में जानकारी ली।

उन्होंने कारागृह में निरूद्ध बंदीगणों को निरूशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी देते हुए उनके विधिक अधिकारों से अवगत कराया वहीं महिला बैरक में निरूद्ध महिला बंदियों से भी



नवजीवन वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर जानकारी लेते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह।

संवाद किया तथा किसी प्रकार की समस्या होने के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिस पर महिला बंदियों ने कारागृह में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में संतोष जाहिर किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कौशल सिंह जिले में हरिओम सेवा संस्थान की ओर से संचालित नवजीवन वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण किया। प्राधिकरण सचिव सिंह ने निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए आश्रम में उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जांच की। जिनके संबंध में आश्रम में आश्रयरत वृद्धजनों ने संतोष जाहिर किया। अपर जिला न्यायाधीश कौशल सिंह ने मुख्यालय पर स्थित सखी वन स्टॉप सेन्टर का भी निरीक्षण किया।

## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**डूंगरपुर, (निसं)।** शहर में इन दिनों नगर परिषद द्वारा स्वच्छता एवं अतिक्रण को लेकर की जा रही कार्यवाही से इन त्यौहारों सीजन में जहां सैकडो परिवार प्रभावित हो रहे है। वही महाराजा मार्केट में निजी जमीन पर लगाये गये टीन शेडो को तोडफोड की कार्यवाही के विरोध में शहर भर में नगर परिषद के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। वही इसके विरोध में मंगलवार को एक रैली के रूप में पहुंच कर कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर जिला कलक्टर को ज्ञापन सौपा तथा नगर परिषद की कार्यवाही को रोकने की मांग की। साथ ही लोगो ने आरोप ही लगाया कि जल आवक मार्गो पर हो रहे अतिक्रमणो को तो भू-माफियाओं के होने के कारण कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। जब दिहाडी मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पौषण करने वाले गरीब परिवारों पर नगर परिषद पुलिस प्रशासन का खोफ दिखाकर डरा धमका कर कार्यवाही कर रही है। यही नहीं कई स्थानों पर भी कार्यवाही कर दी जो नगर परिषद की जमीन पर बने हुए ही नहीं थे। लेकिन उनकी भी नहीं सूनी। ऐसे में नगर परिषद की कार्यवाही को लेकर विरोध के स्वर मुखर हो गये है। डूंगरपुर नगर में फुटपाथ पर स्थित केबीन, थेलागाडी एवं ग्रामीण क्षेत्र से सब्जी बेचने आने वाले सब्जी विक्रेताओं को डूंगरपुर की सुन्दरता के नाम पर फुटपाथ से डूंगरपुर नगर परिषद द्वारा हटाये जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए संघ के बेनरतले कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन कर जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शहरी क्षेत्र में करीब 2000 पथ विक्रेता सडक के किनारे अपनी छोटी मोटी दूकान, रेडी-पटरी लगाकर एवं ग्रामीण क्षेत्र से किसान अपनी सब्जी बेचने डूंगरपुर आते है और अपनी आजीविका चलाते है। किंतु अपनी सुन्दरता के लिए पूरे राज्य में महशुर डूंगरपुर के प्रशासन के लिए यह पथ विक्रेता या हॉकर शहर की खूबसुरती पर धब्बा लगते है। यही नहीं आये दिन इन पथ विक्रेताओं को पुलिस व नगर परिषद की प्रताडना का शिकार बनना पडता है।

### ब्राउन शुगर के साथ एक गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना पुलिस ने शहर के नवाडेरा में एक कार से ब्राउन शुगर को जब्त करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं दो आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने 3.32 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। कोतवाली थाने के सीआई भगवानलाल ने बताया कि पुलिस की गाड़ी नवाडेरा मार्ग से निकल रही थी। इस दौरान कब्रिस्तान के पास एक कार खड़ी थी, जिसमें तीन लोग सवार थे। जैसे ही पुलिसकर्मी कार के पास पहुंचे तो कार चालक कार को स्टार्ट करके भागने की कोशिश करने लगा। जिस पर कार को रोका गया। इस दौरान कार के पीछे बैठे दो लोग उतर कर फरार हो गए। जब पुलिस ने कार को चेक किया तो उसमें एक पुडिया में ब्राउन शुगर मिली। जिसकी मात्रा 3.32 ग्राम थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज करते हुए ब्राउन शुगर को जब्त कर इंद्रा कॉलोनी निवासी हिमालयसिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, अन्य आरोपियों को नामजद करते हुए पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन कल

**बांसवाड़ा, (निसं)।** राज्य स्तरीय क्रिकेट 19 वर्ष छात्रा प्रतियोगिता के फाइनल में सीकर व हनुमानगढ़ के बीच खिताबी भिड़न्त आज बुधवार को होगी। एमएसबी के खेल मैदान पर पहले तृतीय व चतुर्थ स्थान के लिए मैच होगा। उसके बाद फाइनल मैच भी इसी खेल स्टेडियम में खेला जाएगा। खेल अधिकारी बापूलाल माली ने बताया कि मंगलवार को पहला सेमीफाइनल मैच हरिदेव जोशी खेल स्टेडियम ठीकरिया में सीकर व उदयपुर के बीच खेला गया जिसमें सीकर की टीम ने 13 रन से जीत दर्ज कराई। सीकर ने पहले खेलते हुए 15 ओवर में 6 विकेट खोकर 100 रन बनाएं। वृंदा ने 3 चोको की मदद से सर्वाधिक 29 रन बनाए। जवाब में उदयपुर की टीम 15 ओवर में 87 रन ही बना पाई। दूसरे सेमीफाइनल में हनुमानगढ़ ने जयपुर को 51 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में हनुमानगढ़ ने पहले खेलते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाए। आशा ने 9 चौको की मदद से 64 रन बनाए। दूसरी इनिंग में जयपुर 15 ओवर में 67 रन ही बना पाई। हनुमानगढ़ की आशा ने 3 विकेट लिए।

### 51 फीट पुतले का होगा दहन

**राजसमंद, (निसं)।** आगामी विजयदशमी के त्यौहार पर नगर परिषद की ओर से शहर में इस बार भी पूर्व की तरह तीन स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया जाएगा। इसको लेकर कांकरोली के बालकृष्णा स्टेडियम, धोईन्दा के राउमावि एवं राजनगर के फव्वारा चौक में कारीगरों की ओर से पुतलों का निर्माण शुरू कर दिया गया है। नगर परिषद सभापति अशोक टांक ने बताया कि दशानन के पुतलों का निर्माण वर्ष 2०16 में राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त करने वाले चित्तौडगढ जिले के बडी सादडी निवासी कलाकार छोटू वाल्मीकि के नेतृत्व में उनके साथी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि निंबाहेडा के राष्ट्रीय दशहरा मेले में भी रावण परिवार के पुतलों का निर्माण इनके द्वारा ही किया जाता है। उन्होंने बताया कि बालकृष्ण स्टेडियम कांकरोली में 51 फीट के रावण के पुतले का दहन किया जाएगा।

# विश्व मानक दिवस उपलक्ष्य में "रन फॉर क्वालिटी" का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), राजस्थान ने मंगलवार आठ अक्टूबर को उदयपुर की फतेहसागर झील पर "रन फॉर क्वालिटी" का आयोजन किया। यह आयोजन, विश्व मानक दिवस-2024 के वैश्विक समारोह के तहत किया गया, जो 14 अक्टूबर को मनाया जाएगा। इस महत्वपूर्ण दिन का उद्देश्य उत्पादों और सेवाओं की सुरक्षा, विश्वसनीयता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने वाले मानकों के महत्त्व को उजागर करना है।

उदयपुर सांसद मन्ना लाल रावत ने

- **मानक हमारे दैनिक जीवन में महत्वपूर्ण हैं और वे एक सुरक्षित और विश्वसनीय समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं : सांसद रावत**

"रन फॉर क्वालिटी" को ध्वज दिखाकर दौड़ का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पिपलांत्री के पर्यावरणविद् और समाजसेवी, पद्मश्री श्याम सुंदर पालीवाल, प्रोफेसर मीरा माथुर, डायरेक्टर, फैकल्टी ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, एमएलएसयू और बीआईएस, राजस्थान प्रमुख व निदेशक कनिका कालिया मौजूद रहे। उदयपुर सांसद मन्ना




उदयपुर की फतेहसागर झील पर "रन फॉर क्वालिटी" का आयोजन हुआ।।

लाल रावत ने कहा कि मानक हमारे दैनिक जीवन में कितने महत्वपूर्ण हैं और वे एक सुरक्षित और विश्वसनीय समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित इस गुणवत्ता दौड़ को उदयपुर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस आयोजन से संभाग में गुणवत्ता चेतना में बढ़ोतरी होगी।

पिपलांत्री से आये पर्यावरणविद् और समाजसेवी, पद्मश्री श्याम सुन्दर पालीवाल ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों से बीआईएस के इस गुणवत्ता मिशन को हर गांव में पहुंचाने की अपील की। उन्होंने आगे विश्व मानक दिवस समारोह की थीम, जो सतत विकास लक्ष्यों पर केंद्रित थी, की ओर ध्यान आकर्षित किया और प्रतिभागियों से इसमें योगदान देने का आग्रह किया। इस अवसर पर बीआईएस, राजस्थान प्रमुख और निदेशक कनिका कालिया ने कहा कि बीआईएस गुणवत्ता और सुरक्षा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। "रन फॉर क्वालिटी" जैसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाते हैं ताकि मानकों के महत्व के बारे में सभी को जागृत किया जा सके और बीआईएस के गुणवत्ता मिशन में जोड़कर उन्हें एक सुरक्षित और सतत समाज बनाने में भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया जा सके।

इस दौड़ में 1000 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय (एमएलएसयू) के छात्र और बीआईएस स्टैंडर्ड क्लब्स के सदस्य, उपभोक्ता संगठन और स्थानीय लोग भी दौड़ में शामिल थे।

### तेली समाज की बैठक आयोजित

**बांसवाड़ा, (निसं)।** लालीवाव मठ में आगामी 20 नवम्बर से होने वाले विराट धार्मिक महोत्सव को लेकर तेली समाज की वृहत बैठक श्री राधा-कृष्ण मंदिर परिसर में लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर महंत हरिओमदास महाराज के सानिध्य में हुई। जिसमें समाजजनों ने अधिकाधिक सहभागिता निभाते हुए आयोजन को आशातीत सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मां आशापुरा गरबा मण्डल के अध्यक्ष विरेन्द्र तेली, श्री राधा-कृष्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष दीपक तेली, तेली समाज के जिलाध्यक्ष नारायणलाल तेली, किशनपोल काई अध्यक्ष भगवतीलाल तेली, पृथ्वीगंज इकाई अध्यक्ष दिलीप तेली, प्रगति नगर अध्यक्ष राहुल तेली, दिनेश, धर्मेन्द्र, नटवर, अम्बालाल, परमेश्वर, धनपाल, अशोक, योगेश, विनोद, कमलेश, अरविन्द व राज तेली ने महोत्सव में समर्पित योगदान का संकल्प लिया।

लालीवाव मठ के विराट आयोजन में तेली समाज की ओर से 7 यजमानों ने हिस्सेदारी का संकल्प लेते हुए एक-एक लाख रुपए की सहभागिता राशि प्रदान करने की घोषणा की। जिनमें दीपक हीरालाल तेली, प्रवीण, शांतिलाल भगवतीलाल तेली, सुनिल गणेश तेली, एवं पार्षद नटवर तोलाचन्द तेली शामिल हैं। संचालन रंगकर्मी एवं साहित्यकार जगन्नाथ तेली ने किया।इस अवसर पर महामण्डलेश्वर हरि ओमदास महाराज ने तेली समाज की ओर से देवी मैया के लिए विशेष रूप से बनवाए गए रजत श्रृंगार परिधानों का समर्पण उद्घाटन किया।

# पैंथर हमले व किसानों की समस्याओं पर जताई चिंता



नाथद्वारा ब्लॉक कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

**राजसमंद, (निसं)।** नाथद्वारा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में बढते पैंथर हमलों और किसानों को जंगली सुअरों से हो रहे नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है।

ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चौधरी ने ज्ञापन में बताया कि नाथद्वारा विधानसभा क्षेत्र में पैंथरों के हमले आम हो गए हैं और ये जानवर अब आबादी वाले इलाकों में घुस आ रहे हैं, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। पैंथर न केवल पालतू जानवरों बल्कि लोगों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके साथ ही किसानों को जंगली सुअरों से भी काफी परेशानी हो रही है। ये सुअर खेतों में घुसकर फसलों को नष्ट कर रहे हैं जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। किसानों की मांग है कि सरकार जंगली सुअरों को पकडकर जंगल में छोड दे और जिन किसानों की फसलें नष्ट हुई हैं उन्हें मुआवजा दिया जाए। पेंशनधारियों को समय पर पेंशन नहीं मिलने की समस्या को भी उठाया गया है। कांग्रेस ने मांग की है कि सरकार पेंशनधारियों को बकाया पेंशन जल्द से जल्द दे और भविष्य में पेंशन का समय पर भुगतान सुनिश्चित करे। ब्लॉक अध्यक्षचौधरी ने जिला कलेक्टर असावा से आग्रह किया कि वह इन समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर आम जनता को राहत दिलाएं। इस दौरान जिपस लेहरुलाल अहीर, रेलमगरा ब्लॉक अध्यक्ष माधवलाल अहीर, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष शांतिलाल प्रजापत, राजपुरा सरपंच हीरालाल गाडरी, पूर्व सरपंच उदयलाल अहीर, रेलमगरा सहकारी समिति के अध्यक्ष विष्णु सेवदा, मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीलाल मेनारिया, बद्री नायक, मनीष, पवन सेन, अल्लाह नूर मंसूरी, अमन मंसूरी, मुकेश अहिर सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।